तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 14 अगस्त 2026

[सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड]

18 देशभक्ति के रंग में रंगे ग्रामीण, विधायक ...

18 पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का पिथौरा के पास किया ...

खबर संक्षेप

भाई के साथ मारपीट जान से मारने की धमकी

महासमुंद। ग्राम भंवरपुर में एक व्यक्ति के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी भाई के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। बसना पुलिस को राजकुमार निषाद पिता गणेशराम निषाद ने बताया कि उसका छोटा माई सेतकुमार निषाद पिता गणेशराम निषाद द्वारा पिछले कुछ दिनों से मेरे घर में दारू पीकर मारपीट व गाली गलौच कर रहा है। 12 अगस्त को आरोपी ने घर में घुसकर प्रार्थी को गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। जिसे उसके बेटे ने छुड़ाया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

काली मंदिर में चोरी

महासमुंद। मंदिर में चोरी के मामले में रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को नयापारा के राहुल कुमार डहरिया उर्फ राजा ने बताया कि वह अपनी मां लक्ष्मी डहरिया के साथ 08 अगस्त को लगभग 06 बजे पूजा करने गया था। इस दौरान देखा कि मंदिर परिसर में रखे शिवलिंग के ऊपर लगे तांबे का नाग, बोरवेल का स्टार्टर बोर्ड और परिसर में लगे बोरवेल का केबल तार करीबन 50 फीट कीमत करीबन 10000 रुपए को अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(डी) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

महासमुंद। पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट किए जाने के मामले में कोतवाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। वार्ड नंबर 13 स्टेशन रोड निवासी राहुल पाल 12 अगस्त की रात 08.45 बजे होटल से खाना पार्सल लेकर पैदल एक लाज जा रहा था, उसी समय गौरव उर्फ मोनू यादव ने पुरानी रंजिश गाली गलौज करते हुए डंडे से मारा और जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि आरोपी पहले भी उसके साथ मारपीट कर चुका है। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

बाइक से शराब का परिवहन, आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। बाइक से शराब का अवैध परिवहन कर रहे एक व्यक्ति को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि घोड़ारी शराब दुकान से एक व्यक्ति बाइक से अधिक मात्रा में देशी प्लेन शराब का ग्राम नांदगांव की ओर परिवहन करने वाला है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर मोटर सायकल क्र. सीजी 06 एच सी 7805 को रोका। पूछताछ करने पर वाहन चालक ने अपना नाम बोधन जांगड़े पिता भागचंद जांगड़े (37 साल) निवासी वार्ड नं 11 सतनामीपारा नांदगांव थाना व जिला महासमुंद होना बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक झोले के अंदर भरी हुई 28 पौवा देशी मसाला शराब कीमत 2800 रुपए व बाइक को बरामद किया है।

सेनानियों के चित्रों की प्रदर्शनी कल

महासमुंद। नगर के इतिहास में पहली बार महासमुंद जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्रों की प्रदर्शनी स्वतंत्रता दिवस पर नगर के लोहिया चौक पर लगने जा रही है। इसमें लगभग 55 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के छायाचित्र प्रदर्शित किए जाएंगे। यह प्रदर्शनी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बौदा नामदेव के पौत्र शेष नारायण नामदेव के संयोजन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन जिला महासमुंद द्वारा आयोजित है। 15 अगस्त को प्रातः 8 बजे से प्रदर्शनी सभी के लिए खुली रहेगी।

स्वतंत्रता दिवस से पूर्व मिनी स्टेडियम में की गई फुल ड्रेस रिहर्सल

छत्तीसगढ़ी और देशभक्ति से सराबोर होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) की अंतिम तैयारी के लिए गुरुवार को कलेक्टर विनय लंगेह और पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने स्वतंत्रता दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल में पुलिस, नगर सैनिक, एनसीसी एनएसएस की कुल 11 टुकड़ियों की परेड की सलामी ली। रिहर्सल मिनी स्टेडियम महासमुंद में सुबह 9 बजे आयोजित की गई। इस अवसर पर एसडीएम अक्षा गुप्ता मंच पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे। आज फुल ड्रेस रिहर्सल में स्कूली बच्चों ने कलेक्टर, एसपी के समक्ष रिहर्सल किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस पूर्ण गरिमा और उत्साह के साथ आयोजित करने के

निर्देश दिए है। जिले के 6 स्कूलों से बच्चे छत्तीसगढ़ी और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत गीत संगीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। प्रमुख आकर्षण में विभिन्न शालाओं के 900 बच्चों द्वारा सामूहिक पीटी प्रदर्शन होगा। इस दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने बैठक व्यवस्था, मंच आदि को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत की सीईओ अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर रवि साहू, उप पुलिस अधीक्षक सुनील नायक एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में जिले के प्रभारी एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्वतंत्रता दिवस को सुबह 8.58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। सुबह 9 बजे वे ध्वजारोहण करेंगे। 9.03 बजे परेड का निरीक्षण, गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा एवं मार्च पास्ट होगा। तत्पश्चात मुख्य अतिथि 9.30 बजे मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। इस अवसर पर शहीद परिवारों का सम्मान भी किया जाएगा। सुबह 10:05 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात 10:40 बजे उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मान करेंगे। सुबह 10:5 बजे कार्यक्रम का समापन होगा।

घटना : तेंदूकोना की घटना, क्षेत्रवासी दहशत में

दिनदहाड़े चोरी, नगदी सहित लाखों के जेवरात कर दिए पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

तेंदूकोना से बागबाहरा मुख्य मार्ग में सड़क किनारे स्थित ठाकुर निवास में हरेली पर्व के दिन बुधवार को दिन दहाड़े अज्ञात चोरों द्वारा नगदी सहित लाखों के जेवरात पार कर गए। चोर पीछे से दीवार लांघकर घर में प्रवेश किए बाद दरवाजे में लगे ताले को तोड़कर आलमारी में रखे नगदी सहित सोने व चांदी के जेवरात पार कर गए। उक्त घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। तेंदूकोना पुलिस अज्ञात चोरों की पतासाजी में जुट गई है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार तेंदूकोना निवासी शिव प्रताप ठाकुर ने बताया कि 12 अगस्त बुधवार को साढ़े 11 बजे आंगन में बने नए घर व मुख्य दरवाजे में ताला लगाकर अपने परिवार के साथ राखी छोड़ने

रतिपाली (ओडिशा) गए थे। जब पीड़ित अपने परिवार के साथ वापस रात करीब 8 बजे घर पहुंचा व मेन गेट का ताला खोलकर घर अंदर प्रवेश किया। तब देखा कि नए घर का मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। अंदर कमरे में प्रवेश करने

पर अलमारी का लॉकर टूटा हुआ व सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ मिला। सामान का मिलान करने पर सोने की 3 मंगलसूत्र कीमत 2 लाख रुपए, 2 सोने की बाली 80 हजार रुपए, 2 सोने की अंगूठी 80 हजार रुपए, 2 सोने की फुल्ली 15 हजार रुपए, 1 सोने की नथ 20 हजार रुपए, 1 सोने की बिंदिया 18 हजार रुपए, 5 चांदी का पायल 75 हजार रुपए, चांदी का 1 कमरबंद 15 हजार रुपए, चांदी की 4 बिछिया सेट 10 हजार रुपए, 1 चांदी का सिक्का 1500 रुपए के साथ नगद 45000 रुपए की चोरी होना बताया गया। टोटल जेवरात की अनुमानित कीमत 514500 रुपए आंकी गई है।

लाखों की चोरी

इस तरह कुल साढ़े 5,59,500 रुपए की चोरी होना बताया गया है। पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 331 (3), 305 (ए) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है व सामने के दुकानों में लगे सीसी टीवी कैमरा को खंगाल रही है।

आबकारी अमले पर हमला करने वाले 5 आरोपी हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अवैध रुप से देशी शराब की बिक्री कर रहे लोगों के खिलाफ छापामार कार्रवाई के दौरान आबकारी विभाग के आलाधिकारियों पर हमला कर फरार चल रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि 28 जून को झलप शराब भट्ठी के पास अवैध शराब बिक्री की सूचना मिलते ही आबकारी विभाग ने तत्काल कार्रवाई की। गठित दो टीमों ने मौके पर छापेमारी कर तीन आरोपियों को 60.48 लीटर देशी शराब के साथ पकड़ा, लेकिन कार्रवाई के दौरान आरोपियों ने अन्य साथियों को बुलाकर शासकीय कार्य में बाधा डाली और जब्त शराब को लेकर फरार हो गए।

जिला आबकारी अधिकारी अजय कुमार पांडे को 28 जून को सूचना मिली कि झलप शराब भट्ठी के पास कुछ व्यक्ति अवैध शराब की बिक्री कर रहे है। सूचना पर कार्यवाही हेतु दिनांक 28/06/26 को दो टीमों का गठन कर छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान झलप शराब भट्ठी के पास चेतन रौतिया, मुकेश कोशले और सेवन जोशी

अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए गए, जिनके कब्जे से 336 नग (कुल 60.48 लीटर) देशी प्लेन शराब बरामद कर विधिक कार्रवाई की जा रही थी, इस दौरान आरोपी अपने अन्य साथियों हेमंत मिर्धा, अवधेश मिर्धा एवं एक नाबालिग को बुला कर शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए कर्मचारियों से धक्का-मुक्की कर जान से मारने की धमकी देते हुए जब्त शराब को लेकर मौके से फरार हो गए थे। उक्त घटना पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 114/26 धारा 296, 115(2), 221, 224, 238, 351(3), 121(1), 132,3(5) बीएनएस अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। आरोपियों की पता तलाश कर 13 अगस्त को 05 आरोपियों को गिरफ्तार एवं एक विधि से संघर्षरत बालक के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए न्यायालय पेश किया गया।

जियो टावर से केबल वायर चोरी, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जियो टावर से केबल वायर चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ा गया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। मामले को लेकर सरायपाली परिक्षेत्र के जियो टावर टेक्निशियन भागवत कश्यप ने पुलिस को बताया कि 13 अगस्त को रात 01.02 बजे उसके मोबिल पर डीएफओ का अलार्म आया, जिस पर वह अपने साथी टेक्निशियन नरेंद्रकांत कश्यप, ड्राइवर मुकेश चौहान राजाडीह साइड गए। जहां देखा कि एक व्यक्ति जियो टावर के बाहर लगे घेरा को उठाकर अंदर प्रवेश कर कापर केबल करीब 05 मीटर एवं बैटरी एवं अर्थिंग केबल, एमसीपी कीमत करीबन 5000 रुपए को अपने पास रखे बैग में भरकर मोटर सायकल से भाग रहा था, जिसे उन तीनों ने रोकने का प्रयास किया। जिस पर आरोपी खेत में जाकर गिर गया। इसके बाद डॉयल 112 वाहन को सूचना दी गई। डायल 112 के आने पर पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम राबिन साहू पिता टिकेश्वर साहू (27 वर्ष) ग्राम बैतारी थाना सरायपाली जिला महासमुंद का रहने वाला बताया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

गांजा जब्ती मामले का एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को ओडिशा से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी दो माह पूर्व कटहल की आड़ पिकअप वाहन से की जा रही गांजा तस्करी के मामले में की गई है। जिसमें 125.700 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा (कीमत 62,85,000 रुपए) को जब्त किया गया था। बता दें कि इस मामले में पूर्व में उत्तरप्रदेश के 02 तस्कर गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

पुलिस ने बताया कि 02 माह पूर्व दिनांक 06.06.26 को सूचना मिली थी की एक पिकअप वाहन क्रमांक यूपी-70 एलडी 0860 में दो लोग ग्राम रेहटीखोल (नेशनल हाईवे-53, जिला महासमुंद) से होते हुए वाहन में कटहल के नीचे गांजा रखकर उत्तर प्रदेश जा रहे है। इस सूचना के बाद रेहटीखोल अंतरराज्यीय जांच नाका में संदिग्ध वाहन को रोका गया। पूछताछ करने पर वाहन चालक व्यक्ति ने अपना नाम धीरेंद्र कुमार गौतम पिता राम लखन गौतम (42 साल) करछना थाना करछना जिला प्रयागराज उत्तर प्रदेश तथा बगल में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम लवकुश गौतम पिता इंद्रजीत गौतम (22 वर्ष) बारा थाना बारा

जिला प्रयागराज उत्तर प्रदेश का निवासी होना बताए। इस वाहन से कटहल के नीचे छिपाकर रखी गई बोरियों से 125.700 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया था। गांजा को जिला बलांगीर ओडिशा से जिला प्रयागराज उत्तर प्रदेश ले जाना बताया गया। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 20 (बी),(ii),(सी) एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने पर विधिवत गिरफ्तार न्यायिक रिमांड में भेजा गया था।

इसके बाद मामले की एंड टू एंड विवेचना के दौरान गांजा सोर्स पाइंट आरोपी बिकास कुमार साहू (35 साल) माथासाही थाना चौलियागंज जिला कटक (ओडिशा) को थाना सिंघोड़ा व एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स की टीम ने तकनीकी विश्लेषण और मुखबिरों की सूचना के आधार पर गांजा सोर्स पुलिस टीम ने अंगुल जिला अंगुल (ओडिशा) में दबिश देकर पकड़ा गया। यह संपूर्ण कार्रवाई एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स एवं थाना सिंघोड़ा पुलिस की टीम के द्वारा की गई।

विधायक ने कहा: स्वतंत्रता हमारा गौरव है और तिरंगा हमारी आन-बान-शान

पालिका ने निकाली तिरंगा यात्रा, विधायक और नपाध्यक्ष हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका द्वारा नगर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी यात्रा में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा और नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की उपस्थिति रही। यात्रा का उद्देश्य जन-जन के हृदय में देश के प्रति सम्मान, राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को सुदृढ़ करना था। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि स्वतंत्रता हमारा गौरव है और तिरंगा हमारी आन-बान-शान है। हमें अपने शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना होगा।

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि आज का दिन हमें उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों की याद दिलाता है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें

आजादी का उपहार दिया। तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं है, यह हमारी एकता का प्रतीक है। नगर पालिका निरंतर प्रयास कर रही है कि महासमुंद स्वच्छ, सुंदर और विकसित बने। हम सबका कर्तव्य है कि अपने शहर को साफ रखें, पर्यावरण का ध्यान रखें और समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ावा दें। जब हर घर में तिरंगा लहराएगा और हर नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहेगा, तभी हम विकसित भारत के सपने को साकार कर सकेंगे। उन्होंने समस्त नगरवासियों से आह्वान किया कि वे देश सेवा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षदगण सीता तोंडेकर, कल्पना

सूर्यवंशी, चंद्रशेखर बेलदार, नीरज चंद्राकर, पीयूष साहू, राहुल आवड़े, धनेंद्र चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि हफीज कुरैशी, पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, रिंकू चंद्राकर, टोमन कागजी, एल्डरमैन मोहन साहू, पूर्व पार्षद राजू साहू, राजेंद्र चंद्राकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा, उप अभियंता हेमंत पिस्दा, दुर्गेश कुंजेकार, सिताराम तेलक, नौशाद बक्श, जितेंद्र मोहंती, ललित साहू, नीतू प्रधान सहित बड़ी संख्या में स्वच्छता दीदियां उपस्थित थीं।

गूंजा देशभक्ति का जयघोष, निकली तिरंगा यात्रा

भाजपा शहर मंडल महासमुंद द्वारा राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा लोहिया चौक से प्रारंभ होकर विठोबा टॉकीज, गांधी चौक होते हुए पुनः लोहिया चौक पहुंची। इस तिरंगा यात्रा में शहर के वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिक, विभिन्न समाजों के प्रमुख, पार्षदगण, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में स्कूल के छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष येतराम साहू, महासमुंद विधानसभा विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला महामंत्री थान सिंह दीवान, मंडल प्रभारी मोनिका साहू, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी एवं भूतपूर्व सैनिक युवराज चंद्राकर की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मीना वर्मा व अग्रज शर्मा ने किए।

संकलनकर्ता- प्रीतपाल सिंह सलूजा, सलूजा एड एजेंसी, हरिभूमि संवाददाता झलप, मो.- 9977000794

संकलनकर्ता- प्रीतपाल सिंह सलूजा, सलूजा एड एजेंसी, हरिभूमि संवाददाता झलप, मो.- 9977000794





संकलनकर्ता- प्रीतपाल सिंह सलूजा, सलूजा एड एजेंसी, हरिभूमि संवाददाता झलप, मो.- 9977000794

संकलनकर्ता- प्रीतपाल सिंह सलूजा, सलूजा एड एजेंसी, हरिभूमि संवाददाता झलप, मो.- 9977000794

संकलनकर्ता- प्रीतपाल सिंह सलूजा, सलूजा एड एजेंसी, हरिभूमि संवाददाता झलप, मो.- 9977000794

संकलनकर्ता- प्रीतपाल सिंह सलूजा, सलूजा एड एजेंसी, हरिभूमि संवाददाता झलप, मो.- 9977000794

संकलनकर्ता- प्रीतपाल सिंह सलूजा, सलूजा एड एजेंसी, हरिभूमि संवाददाता झलप, मो.- 9977000794

संकलनकर्ता- प्रीतपाल सिंह सलूजा, सलूजा एड एजेंसी, हरिभूमि संवाददाता झलप, मो.- 9977000794

खबर संक्षेप

आईटीआई का रिजल्ट घोषित

बागबाहरा। श्रीश्रीमॉल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बागबाहरा का सत्र 2025-26 का ट्रेड कोपा एनसीवीटी का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें संस्था से प्रथम डुगेश्वर, द्वितीय युशिका यादव, तृतीय खुशबू साहू, चतुर्थ तामेश्वरी पटेल एवं पंचम जानकी रही। उक्त परीक्षा परिणाम पर बागबाहरा शिक्षा समिति के अध्यक्ष देवीचंद श्रीमाल, सचिव लालचंद जैन, उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, अजय अग्रवाल एवं समस्त पदाधिकारी, संस्था के प्राचार्य केके शर्मा, प्रशिक्षण अधिकारी नरोत्तम बघेल एवं समस्त शिक्षक कर्मचारियों ने हर्ष जताया है।

कांवड़ियों का सेवा कार्यक्रम कल

महासमुंद। बोल बम सेवा समिति पंडित जयलाल प्रसाद वार्ड नं 22 एवं बस स्टैंड युवा समिति के युवाओं द्वारा कौंवाझर में शनिवार 15 अगस्त को शाम 6 बजे से सुबह 8 बजे तक बोलबम कावरियों के लिए निःशुल्क सेवा कार्यक्रम किया जाएगा। उक्त जानकारी गणेश निषाद ने दी।

मौहारीभाठा में आज जलापूर्ति प्रभावित

महासमुंद। शहर के मौहारीभाठा पानी टंकी का संपवेल फट जाने के कारण मरम्मत कार्य करया जा रहा है। मरम्मत कार्य के चलते 14 अगस्त को दोनों पाली में पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी।

निधन

सुलोचना श्रीवास्तव

महासमुंद। शहर के पुराना रावण भाठा निवासी श्रीवास्तव समाज की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती सुलोचना श्रीवास्तव का गुरुवार को स्वर्गवास हो गया। श्रीमती श्रीवास्तव भाजपा नेता राकेश श्रीवास्तव की माता थीं। इनका अंतिम स्थानीय मुक्तिधाम भलेसर रोड में आज होगा।

उत्साह: स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत हुआ आयोजन

देशभक्ति के रंग में रंगे ग्रामीण, विधायक ने तिरंगा फहराकर दिया राष्ट्रप्रेम का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत एक विशाल एवं भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन अत्यंत उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर जनसमूह का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम सांकरा स्थित संत अन्ना उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर से हुआ, जहां क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं भारी संख्या में युवा तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होने के लिए एकत्र हुए। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने संत अन्ना विद्यालय परिसर में उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा केवल तीन रंगों का कपड़ा नहीं, बल्कि यह हमारे देश की आन, बान, शान और 140 करोड़ भारतीयों के स्वाभिमान का प्रतीक है। यह तिरंगा हमें उन अनगिनत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया।

अपने ओजस्वी उद्बोधन को आगे बढ़ाते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज पूरा देश राष्ट्रभक्ति के सूत्र में बंधकर तिरंगा उत्सव मना रहा है। हमारी युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास और देशभक्ति के मूल्यों से जोड़ना समय की मांग है। जब हम हाथ में तिरंगा लेकर निकलते हैं, तो जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर केवल एक भारतीय होने का गर्व महसूस होता है। आप सभी का यह अपार उत्साह इस बात का प्रमाण है कि बसना का प्रत्येक नागरिक देश की प्रगति और अखंडता के लिए प्रतिबद्ध है। उद्बोधन के पश्चात संत अन्ना उच्च माध्यमिक विद्यालय से भव्य पैदल तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हुआ। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे, भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के नेतृत्व में यह यात्रा सांकरा के प्रमुख मार्गों से होती हुई ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर प्रांगण पहुंची। पैदल यात्रा के दौरान जगह-जगह ग्रामीणों एवं व्यापारियों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। जगन्नाथ मंदिर पहुंचने के उपरांत इस आयोजन ने और भी विशाल रूप ले लिया। मंदिर प्रांगण से विधायक डॉ. संपत अग्रवाल की मौजूदगी में भव्य 'बाइक तिरंगा यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सैकड़ों की संख्या में बाइक सवार युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर अनुशासित रूप से पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। देशभक्ति गीतों की धुनों पर गूंजती इस बाइक रैली ने सांकरा सहित आसपास के पूरे अंचल को राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया।

इस अवसर पर पिथौरा जनपद पंचायत अध्यक्ष ऊषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, विधायक प्रतिनिधि बसना विधानसभा कैलाश अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, अध्यक्ष सरपंच संघ सतपाल सिंह छाबड़ा, विधायक प्रतिनिधि एवं जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, सभापति जनपद पंचायत पिथौरा कंवलजीत सिंह छाबड़ा, मंडल अध्यक्ष सांकरा हलधर साहू, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, महामंत्री सांकरा मंडल मनोज बारिक, महामंत्री सांकरा मंडल झाडूराम परमार, विधायक प्रतिनिधि खेमराज अग्रवाल, मथामणि बढ़ाई, अध्यक्ष महिला मोर्चा चेतना साहू, प्रभारी युवा मोर्चा सांकरा नितिन जिंदल, अध्यक्ष युवा मोर्चा सांकरा विजय चौधरी, जिला पदाधिकारी युवा मोर्चा कमलेश डड़सेना, सोसायटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल आदि मौजूद रहे।

उखरा में स्कूली छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा रैली

नर्रा। स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) और हर घर तिरंगा अभियान के उपलक्ष्य में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं सरस्वती शिशु मंदिर उखरा के स्कूली बच्चों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में स्कूल के बच्चों, शिक्षकों, गांव के जनप्रतिनिधि सरपंच और स्थानीय ग्रामीणों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। यूनिफॉर्म में सजे स्कूली छात्र के हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा थामे देश भक्ति के जयघोष के नारे लगाते हुए गांव भ्रमण किया। इस दौरान सरपंच प्रीतम चौधरी, पूर्व सरपंच नवनीत नाग, तुकाराम ठाकुर, भैयाराम प्रधान, अरुण प्रधान एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

जिले में राष्ट्रीय नशा विरोधी शपथ कार्यक्रम 18 को

महासमुंद। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 18 अगस्त 2026 को जिलेभर में राष्ट्रीय नशा विरोधी शपथ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले के समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, शासकीय एवं सार्वजनिक संस्थानों में 18 अगस्त को राष्ट्रीय नशा विरोधी शपथ कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं। विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, अधिकारी-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को ऑनलाइन ई-शपथ के माध्यम से नशा विरोधी शपथ लेने तथा सहभागिता प्रमाण पत्र डाउनलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर गठित भारत माता वाहिनी की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम के आयोजन के बाद निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट तैयार कर 18 अगस्त को अपराह्न तक जिला कार्यालय समाज कल्याण में उपलब्ध कराना होगा।

पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का पिथौरा के पास किया आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जिला आगमन पर गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश देखने को मिला। पिथौरा के पास जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव की अगुवाई में जिलेभर से पहुंचे कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने श्री बघेल का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने उनसे मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों तथा जिले की राजनीतिक एवं संगठनात्मक परिस्थितियों को लेकर चर्चा भी की। खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने भूपेश बघेल का स्वागत करते हुए उनके महासमुंद आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बघेल का कांग्रेस संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके आगमन से जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, उत्साह और संगठन के प्रति सक्रियता का संचार हुआ है। स्वागत स्थल पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा आगामी समय में कांग्रेस की गतिविधियों को सक्रियता एवं एकजुटता के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से करण दीवान, मुकेश यादव, ताम्रध्वज बघेल, नरेंद्र सेन, अरविंदर छाबड़ा, बुधेश्वर डडसेना, राजू सिन्हा, कौशल रोहिला, पूनम मानिकपुरी, शैलेन्द्र डडसेना, सुदर्शन मुन्ना, सुनील डडसेना, रमेश प्रधान, खिलेश ठाकुर, मिंकू अजमानी, मनोज प्रधान, देव सिंह दीवान, अर्निश गाडिया, हराधन प्रधान, महेंद्र साहू, गंगाधर बरिहा, देवराज ठाकुर, आशू अग्रवाल, प्रफुल्ल राजपूत, धनश्याम ढाढी, जगदीश भोई, हेमलता निषाद, आरती नायक, गीतेश चौधरी, टेकलाल बरिहा, केशव साहू, खोवन साहू, स्वतंत्र पांडे, युगल यादव, अनुज अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हाईस्कूल रेमड़ा में विद्यार्थियों ने बनाई अपनी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना

शासन के निर्देशानुसार विद्यालय परिवार में शासकीय हाईस्कूल रेमड़ा के क्रमशः प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं हाई स्कूल में बाल कैबिनेट का गठन तीन चरणों में किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य द्वारा चुनाव की तिथि व प्रक्रिया का निर्देश देने पश्चात प्रथम चरण में प्राथमिक विभाग के लिए पीठासीन अधिकारी तोपसिंह पटेल, मतदान अधिकारी क्रमांक एक व दो क्रमशः आशा शर्मा व रोशनी प्रधान ने भारतीय लोकतंत्र में चुनाव की प्रक्रिया को समझाते हुए प्रक्रिया को आगे गति दी,जिसमें प्रधानमंत्री खुशबू यादव, उपप्रधानमंत्री हेमलता यादव, शिक्षा मंत्री ऋषभ यादव, स्वास्थ्य मंत्री सूरज परेश्वर, खेल मंत्री करन साव, स्वच्छता एवं पर्यावरण मंत्री एकता साव, सांस्कृतिक मंत्री दामिनी सिदार चुनी गई। द्वितीय चरण में इसी प्रकार उच्च प्राथमिक विभाग के लिए पीठासीन अधिकारी अशोक कुमार साहू व मतदान अधिकारी क्रमांक एक व दो क्रमशः राजेश प्रधान व पल्लवी शर्मा ने चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। जिसमें प्रधानमंत्री मानवी थापा चुनी गई। उपप्रधानमंत्री गुंजा सिदार, शिक्षा मंत्री स्नेहा यादव, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री याचना नेताम, स्वच्छता एवं पर्यावरण मंत्री नम्रता दाऊ तथा मध्यान्ह भोजन मंत्री प्रीतम श्रीवास बने। जबकि, खेल एवं सांस्कृतिक मंत्री हरीश को मिला। तृतीय व अंतिम चरण में हाईस्कूल विभाग के पीठासीन सुभाष धराई तथा मतदान अधिकारी क्रमांक एक व दो क्रमशः हृषिकेश प्रधान व रश्मिता प्रधान की ड्यूटी लगी जिसमें से श्रावणी सिदार निर्विरोध रूप से प्रधानमंत्री पद पर सुशोभित हुई। उपप्रधानमंत्री का पद बहुत ही कम अंतर से सानिया धुबल को मिला। स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री तेजस्विनी महाकुर, शिक्षा मंत्री का पद इंदु बरिहा को मिला। खेल मंत्री पूजा दास, सांस्कृतिक मंत्री याशिनी सिदार जबकि अनुशासन एवं पुस्तकालय मंत्री तनु खांडेल का चयन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि स्कूलों में बाल कैबिनेट (बाल संसद) के गठन से बच्चों में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक मूल्यों, उत्तरदायित्व की भावना और स्व-अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण गुणों का विकास होता है। इसके माध्यम से बच्चे अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझते हुए विद्यालय की व्यवस्था और गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। इस सभा में विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़ चढ़ कर कार्यक्रम को सफल बनाए में सहयोग किया। अंत में शपथ समारोह में सभी नवनियुक्त मंत्रियों को एक साथ शपथ दिलाया गया।

आईआईएसईआर पुणे के कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम में शामिल हुई केशर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूकोना

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) पुणे में पीएम योजना के तहत आयोजित कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोगाम में जिले की केशर जोशी प्रधान पाठिका पीएम नवीन प्राथमिक शाला बागबाहरा ने सक्रिय सहभागिता कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। यह कार्यक्रम शिक्षकों एवं शिक्षा से जुड़े प्रतिभागियों की साइंस टेक्नोलॉजी, एस्ट्रोनॉमी, मैथेमेटिक्स, इंजीनियरिंग जैसे वैज्ञानिक सोच, नवाचार आधारित शिक्षण पद्धति तथा क्षमता विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों, अनुसंधान आधारित शिक्षण, गतिविधि-आधारित अधिगम, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विषय विशेषज्ञ द्वारा मार्गदर्शन प्रदान कया गया। साथ ही विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों और अनुभवों का आदान प्रदान भी हुआ। केशर जोशी ने बताया कि इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव का उपयोग वे अपने विद्यालय तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए करेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को नवीन शैक्षणिक दृष्टिकोण अपनाने तथा गुणवतापूर्ण शिक्षा को बदावा देने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं।

15 अगस्त समारोह की तैयारियां जोरों पर, विधायक करेंगे ध्वजारोहण

बसना। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को लेकर नगर पंचायत बसना में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। नगर में स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य एवं गरिमामय रूप से आयोजित करने के लिए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद राष्ट्रगान, देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम एवं अन्य आयोजन प्रस्तावित हैं। समारोह को लेकर नगर पंचायत स्तर पर साफ-सफाई, परिसर की सजावट, मंच व्यवस्था सहित विभिन्न तैयारियां की जा रही हैं। नगर पंचायत बसना के सीएमओ सूरज सिदार के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को गति दी जा रही है। वहीं नगर पंचायत उपाध्यक्ष शीत गुप्ता एवं पार्षद राकेश डड़सेना, जो कार्यक्रम प्रभारी के रूप में व्यवस्थाओं की देखरेख कर रहे हैं, लगातार तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। नगर पंचायत कर्मचारियों एवं संबंधित टीम द्वारा कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था, साफ-सफाई, सजावट तथा समारोह में आने वाले अतिथियों एवं नागरिकों के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी एवं जनप्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों का कहना है कि स्वतंत्रता दिवस केवल राष्ट्रीय पर्व ही नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को स्मरण करने का अवसर भी है।